वोकल फॉर लोकल पहल

[स्रोत: पीआईबी]

हाल ही में [नीति आयोग (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया)] ने अपने [आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम] के तहत 'वोकल फॉर लोकल' पहल शुरू की है।

- पहल का उद्देश्य **'आकांक्षा'** के माध्यम से **स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन करके सतत् विकास को बढ़ावा देना है**। GeM पोर्टल पर एक समर्पित विंडो स्थानीय उत्पादों के लिये ई-कॉमर्स की सुविधा प्रदान करती है।
    - इस पहल के एक भाग के रूप में, **500 आकांक्षी ब्लॉकों** के स्वदेशी स्थानीय उत्पादों को आकांक्षा के तहत मैप और समेकित किया गया है।
- नीति आयोग के सीईओ ने ज़िला कलेक्टरों और ब्लॉक-स्तरीय अधिकारियों से आकांक्षी ब्लॉक में सूक्ष्म उद्यमों के सतत् विकास को सुविधाजनक बनाने के लिये [सरकारी ई-मार्केटप्लेस] तथा [ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स] जैसे भागीदारों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।
- आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम **केंद्रीय बजट 2022-23 में** घोषित एक विकास पहल है, इसका उद्देश्य भारत के **सबसे अविकसित क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक उन्नति के लिये दिशा, मार्गदर्शन तथा समर्थन प्रदान करना** एवं आबादी के वंचित वर्गों के लिये विकास लाभों को निर्देशित करना है।

और पढ़ें... [आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vocal-for-local-initiative